पंजाब केसरी 10/02/2024

जी.एम.एन. कालेज में मैरिट के आधार पर छात्रवृत्ति के लिए साक्षात्कार देते विद्यार्थी। (देवदत्त)

मैरिट के आधार पर छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों का साक्षात्कार

अम्बाला, 9 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में स्कॉलरशिप कमेटी के द्वारा छात्रवृत्तियों को वितरित करने के लिए विद्यार्थियों के साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए प्रयासरत रहता है और निश्चित तौर पर इस पहल से विद्यार्थियों को जीवन पथ में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम की संयोजक पिंकी गुप्ता ने बताया कि साक्षात्कार के लिए प्रार्थना पत्र के आधार पर विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसके आधार पर उनका चयन स्कॉलरशिप के लिए किया जाएगा।

कालेज द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के आधार पर खेलकूद में प्रशिक्षित, प्रतिस्पर्धी, विभिन्न योग्यता मानको एवं आर्थिक आधार पर छात्रवृत्तियां वितरण की जाएंगी। इसका उद्देश्य अध्ययनरत छात्रों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। इस साक्षात्कार कार्यक्रम में स्कॉलरशिप कमेटी के डा. भारती विज और डा. चंद्रपाल पुनिया मौजूद रहे।